पटना विश्वविद्यालय के छात्र जाबिर अंसारी ने अखिल भारतीय कराटे स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चर्चा में क्यों?

22 जनवरी, 2023 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में पटना विश्वविद्यालय के छात्र जाबिर अंसारी ने इतिहास रचते हुए 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के तत्त्वावधान में 17-22 जनवरी, 2023 तक पाँच दिवसीय अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन कराटे महिला-पुरुष प्रतियोगिता बीआर यादव इंडोर स्टेडियम बहतराई में हुआ।
- इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 200 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- कराटे के जाने-माने खिलाड़ी जाबिर अंसारी जमुई ज़िला के अंतर्गत झाझा प्रखंड के तुंबापहाड़ के निवासी हैं। वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं।
- विदित है कि हाल ही में पटना में आयोजित बिहार स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2023 में जाबिर अंसारी ने लगातार सातवीं बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। स्वर्ण पदक जीतने पर जाबिर का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये हुआ है, जो कि 17 से 19 फरवरी, 2023 को देहरादून उत्तराखंड में आयोजित होना है।
- इसके अलावा जाबिर ने ओडिसा की राजधानी भुवनेश्वर में 22 से 25 दिसंबर, 2022 तक आयोजित 12वीं ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भी 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।
- कराटे के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बिहार सरकार 3 बार राष्ट्रीय स्तर के खेल सम्मान से भी जाबिर को सम्मानित कर चुकी हैं। 11 दिसंबर, 2022 को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, पटना में संकट हरण सहयोग समिति के द्वारा आयोजित महात्मा बुद्ध सम्मान से जाबिर को सम्मानित किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patna-university-student-jabir-ansari-wins-gold-in-all-india-karate-competition